Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

# पुनरावृत्ति पत्रक

**विषय : हिंदी** **कक्षा – 10** **सत्र-1 2026-27**

**पाठ्य पुस्तक – (स्पर्श भाग-1)**

**खण्ड 'क' : अपठित बोध**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

वास्तविक शिक्षा केवल पुस्तकों को पढ़ने और परीक्षा में अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। सच्ची शिक्षा वह है जो व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करे, उसके विचारों को उदार बनाए और उसमें मानवीय संवेदनाओं का विकास करे। आज के तकनीक-प्रधान युग में ज्ञान प्राप्त करना बहुत सहज हो गया है लेकिन उस ज्ञान का सदुपयोग किस प्रकार किया जाए, यह विवेक केवल संस्कार और सही शिक्षा से ही आता है। जो मनुष्य दूसरों के प्रति करुणा, सहानुभूति और नि:स्वार्थ सेवा का भाव नहीं रखता, उसका उच्च शिक्षित होना भी निरर्थक साबित होता है। शिक्षा का अंतिम लक्ष्य केवल भौतिक समृद्धि या जीविकोपार्जन का साधन पाना नहीं बल्कि समाज के कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करना और एक आदर्श नागरिक बनना है।

**1. गद्यांश के अनुसार 'सच्ची शिक्षा' का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(क) परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करना
(ख) केवल बड़ी-बड़ी पुस्तकें पढ़ना
(ग) चरित्र निर्माण, विचारों की उदारता और मानवीय संवेदनाओं का विकास करना
(घ) केवल भौतिक समृद्धि और धन कमाना

**2. आज के डिजिटल और तकनीक-प्रधान युग में ज्ञान का सही उपयोग करने के लिए किसकी आवश्यकता होती है?**

(क) केवल इंटरनेट की
(ख) विवेक और संस्कारों की
(ग) केवल उच्च डिग्रियों की
(घ) अत्यधिक धन-संपदा की

**3. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए:**

**कथन (A):** दूसरों के प्रति करुणा और सहानुभूति न रखने वाले व्यक्ति की शिक्षा निरर्थक मानी जाती है।
**कारण (R):** शिक्षा का वास्तविक लक्ष्य केवल जीविकोपार्जन पाना नहीं, बल्कि समाज का कल्याण करना और आदर्श नागरिक बनना है।

(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों असत्य हैं।
(ख) कथन (A) सत्य है परंतु कारण (R) असत्य है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**4. गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि केवल ज्ञान प्राप्त कर लेना ही पर्याप्त क्यों नहीं है?**

**5. एक 'आदर्श नागरिक' बनने में शिक्षा किस प्रकार अपनी भूमिका निभाती है**

**खण्ड 'ख' : व्यावहारिक व्याकरण**

**प्रश्न- 1 निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए और समास का नाम भी लिखिए:**

i. ऋणमुक्त
ii. राजीवलोचन
iii. त्रिनेत्र
iv. क्रोधाग्नि
v. वनवास
vi. राष्ट्रभाषा
vii. विद्यालय
viii. दशानन
ix. चतुर्भुज
x. नीलगगन
xi. देवालय
xii. द्विगु

**प्रश्न -2 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का प्रकार पहचानकर लिखिए:**

1. अंडमान-निकोबार में **<u>नेक, शक्तिशाली और परोपकारी</u>** युवक रहता था।
2. **<u>पर्वतों से नीचे गिरते झाग भरे झरने का पानी</u>** बहुत सुंदर लगता है।
3. सुभाष चंद्र बोस की अगुवाई में जुलूस **<u>बहुत तेज़ी से</u>** आगे बढ़ता चला गया।
4. हरिहर काका रिक्त आँखों से आकाश को **<u>निहारते रहते हैं।</u>**
5. **<u>मेहनती छात्र</u>** ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
6. **<u>पेड़ के नीचे बैठा बूढ़ा व्यक्ति</u>** कहानी सुना रहा था।
7. बच्चे **<u>खुशी से</u>** मैदान में खेल रहे थे।
8. **<u>सुबह-सुबह ठंडी हवा</u>** बहुत सुहावनी लगती है।
9. वह **<u>बिना किसी डर के</u>** सच बोलता है।
10. **<u>विद्यालय के सामने खड़ी बस</u>** समय पर रवाना हुई।

**प्रश्न -3 निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. खरी-खोटी सुनाना
2. चार चाँद लगाना
3. नाक में दम करना
4. हाथ-पाँव फूलना
5. हाथ मलना

**प्रश्न -4 रिक्त स्थान में उचित मुहावरा भरें-**

i. पढ़ाई में मेहनत कर मैं ………….. हो सकता हूँ।
ii. सच्चे शूरवीर देश की रक्षा में प्राणों की ……………….. हैं।।
iii. गरीब माँ-बाप अपना ……………….. कर बच्चों को पढ़ाते हैं ।
iv. विद्वान और वीर होकर भी रावण की ……………….. पड़ गया था कि उसने माता सीता का अपहरण किया।
v. युवकों को ……………….. पर ही विवाह करना चाहिए।
vi. बड़े भाई ने छोटे भाई को ऐसी चुभती बात कही कि वह ………….. ।
vii. विवाह के अवसर पर दिन भर मेहमानों के स्वागत में लगे रहने से मेरा ……………….. रहा हैं।
viii. रामू मात्र आठवीं पास हैं, फिर भी उसकी सरकारी नौकरी लग गई। इसी को कहते हैं- ……………….. ।
ix. 'विपत्ति में उसकी अक्ल ……………….. ।

प्रश्न –5 दिए गए वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए (वाक्य रूपांतरण) :

1. "जब तताँरा और वामीरो का प्रेम सार्वजनिक हुआ तब पूरे गाँव ने इसका विरोध किया।" (सरल वाक्य में बदलिए)
2. "गाँव में तीन स्थान प्रमुख हैं और उनमें से एक विशाल ठाकुरबारी है।" (मिश्र वाक्य में बदलिए)
3. "अंग्रेजों से विरासत में मिली तोप को कंपनी बाग के प्रवेश द्वार पर रखा गया है।" (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
4. "सूरज निकलते ही पक्षी चहचहाने लगे।" (मिश्र वाक्य में बदलिए)
5. "राधा ने मेहनत की और वह परीक्षा में सफल हुई।" (सरल वाक्य में बदलिए)
6. "जो विद्यार्थी नियमित पढ़ाई करता है, वह अवश्य सफल होता है।" (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
7. "वह बीमार होने के कारण विद्यालय नहीं गया।" (मिश्र वाक्य में बदलिए)
8. "मोहन बाजार गया और फल खरीदकर घर लौट आया।" (मिश्र वाक्य में बदलिए)
9. "जब वर्षा समाप्त हुई तब बच्चे मैदान में खेलने गए।" (सरल वाक्य में बदलिए)
10. "ईमानदार व्यक्ति सभी को प्रिय होता है।" (मिश्र वाक्य में बदलिए)

**खण्ड 'ग' : पाठ्यपुस्तक (स्पर्श एवं संचयन)**

**प्रश्न 1- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

i. 26 जनवरी 1931 के दिन को यादगार बनाने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं?
ii. सुभाष चंद्र बोस के जुलूस में पुलिस का क्या व्यवहार रहा?
iii. तताँरा का व्यक्तित्व कैसा था तथा लोग उसका आदर क्यों करते थे?
iv. तताँरा और वामीरो के विवाह में क्या पारंपरिक बाधा थी?
v. पर्वत अपने पुष्प रूपी नेत्रों से किसमें और क्या निहार रहा है?
vi. झरनों की तुलना किससे की गई है और वे किसका यशोगान कर रहे हैं?
vii. कंपनी बाग के प्रवेश द्वार पर रखी तोप हमें क्या सीख देती है?
viii. शैलेंद्र ने फिल्म 'तीसरी कसम' का निर्माण किस सोच के साथ किया था?

**प्रश्न 2- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

i. "कोलकाता के नाम पर लगा कलंक धुल गया"—लेखक ने ऐसा क्यों कहा?
ii. ततााँरा ने क्रोध में आकर क्या किया और उसका क्या परिणाम हुआ?
iii. शाल के वृक्ष डरकर धरती में धँसते हुए क्यों प्रतीत हो रहे हैं?
iv. तोप की वर्तमान स्थिति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
v. 'तीसरी कसम' फिल्म को व्यावसायिक सफलता न मिलने पर भी महत्त्वपूर्ण क्यों माना जाता है?
vi. नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जुलूस में लोगों का उत्साह कैसा था?
vii. ततााँरा वामीरो की कहानी निकोबार द्वीप की कौन-सी सामाजिक परंपरा को दर्शाती है?
viii. कविता 'पर्वत प्रदेश में पावस' में प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किस प्रकार किया गया है?
ix. 'तोप' कविता में तोप को किस प्रकार एक व्यंग्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है?
x. 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के अनुसार शैलेंद्र के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएँ क्या थीं?

**प्रश्न 3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

i. हरिहर काका की चुप्पी के क्या कारण थे?
ii. महंत और हरिहर काका के भाइयों के व्यवहार में क्या समानताएँ थीं?
iii. ठाकुरबारी का गाँव वालों के जीवन में क्या महत्त्व था?
iv. बच्चों को स्कूल जाना 'कैद' जैसा क्यों लगता था?
v. हेडमास्टर शर्मा जी और पी.टी. मास्टर के स्वभाव में क्या अंतर था?
vi. पी.टी. मास्टर को स्कूल से क्यों निलंबित कर दिया गया?
vii. हरिहर काका के साथ उनके भाइयों ने कैसा व्यवहार किया और क्यों?
viii. हरिहर काका ठाकुरबारी को अपनी जमीन देने के लिए क्यों तैयार नहीं थे?
ix. लेखक के अनुसार बच्चों को स्कूल का वातावरण कैसा लगता था?
x. लेखक के बचपन में खेल और पढ़ाई के प्रति क्या दृष्टिकोण था?
xi. पी.टी. मास्टर द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सजा का क्या प्रभाव पड़ता था?

## खण्ड 'घ' : रचनात्मक लेखन

**प्रश्न 1 निम्न विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए-**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हमारा भविष्य

संकेत-बिंदु: भूमिका (कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अर्थ), विभिन्न क्षेत्रों में AI का बढ़ता प्रयोग (शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग), इससे जुड़ी चिंताएँ (रोज़गार और निर्भरता) भविष्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं संतुलन

**प्रश्न 2** आपके शहर में खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या बढ़ती जा रही है। अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को `dfpd@gov.in` पर लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखकर इस समस्या की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए।

**प्रश्न 3** अपने क्षेत्र में नियमित सफाई न होने के कारण फैल रही बीमारियों की ओर ध्यान दिलाते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एक औपचारिक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 4** आप अपने विद्यालय के हेड बॉय 'जयंत' हैं। गांधी जयंती के अवसर पर पास की बस्ती में चलाए जाने वाले 'स्वच्छता अभियान' की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों के लिए लगभग 40-50 शब्दों में एक सूचना आलेख तैयार कीजिए।

**प्रश्न 5** दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100-120 शब्दों में एक प्रभावशाली लघुकथा लिखिए:

*संकेत बिंदु: (दो भाई घर में अकेले → फाइल में आतंकियों की जानकारी → आतंकियों का घर में घुसना → फ़ाइल ढूँढना → कमरे में बंद करना → आतंकी गिरफ्तार)*

**प्रश्न 6 विज्ञापन लेखन:**

हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्त्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 25-30 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।